कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग
श्रीनगर मु0— कीर्तिनगर

Phone no./Fax no. 01370-260070
E.mail- eepwdkirtinagar@rediffmail.com

पत्रांक 1029 / 33 सी

दिनांक 9 / 9 / 2020

सेवा में,

**प्रभागीय वनाधिकारी**
टिहरी वन प्रभाग
नई टिहरी।

विषय — जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अंतर्गत चौण्डी, भदली, घटधार, थानकोट, घेरा होते हुए ग्राम सिमलासू बैण्ड़ तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य (लम्बाई 5.275 कि0मी0)।

सन्दर्भ — ऑन लाईन आपत्ति दिनांक 15.07.2020

महोदय,

उपरोक्त विषयक मोटर मार्ग के वन भूमि प्रत्यावर्तन क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के पत्रांक 8बी0 / यू0सी0पी0 / 06 / 28 / 2019 / एफ0सी0 / 962 दिनांक 02.08.2019 द्वारा कुछ आपत्ती लगाई गई थी, जिनका निराकरण इस कार्यालय के पत्रांक 81 / 33सी0 दिनांक 17.01.2020 द्वारा किया गया है। अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोड़ल अधिकारी देहरादून के पत्रांक 8बी0 / यू0सी0पी0 / 06 / 26 / 2019 / एफ0सी0 / 962 दिनांक 02.08.2019 के पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि यह उत्तर पूर्व में भारत सरकार को प्रेषित किया गया था जिसे भारत सरकार द्वारा नहीं माना गया हैं भारत सरकार द्वारा के0एम0एल0 पर गांवों की लोकेशन एवं जस्टिफिकेशन हेतु लिखा गया था जिनको पुनः के0एम0एल0 फाईल पर इंगित कर दिया गया है।

महोदय अवगत कराना है कि उक्त गांव में निवासरत आबादी का इण्टर कॉलेज पौड़ीखाल है जो कि उक्त क्षेत्र से कम से कम 14.00 कि0मी0 की दूरी पर पड़ता है। उक्त क्षेत्र का एक मात्र प्राथमिक चिकित्सालय पौड़ीखाल भासौं मोटर मार्ग के कि0मी0 3.00 में पड़ता है जो कि इस मार्ग पर पड़ रही आबादी प्रभाग से 8.00 कि0मी0 की दूरी पर पड़ता हैं। वर्तमान में गांव में बीमार होने की स्थिति में लोगो को डण्ड़ी—कण्ड़ी के माध्यम से सड़क मार्ग तक पहुंचाना पड़ता हैं। इस मार्ग के बनने से इस क्षेत्र के लोगों की पौंड़ीखाल भासौं मोटर मार्ग के माध्यम से कोटेश्वर बांध के लिये सीधा पहुंच हो जायेगी एवं लोग कम दूरी तय कर जीरो प्वांईट होते हुए जिला मुख्यालय नई टिहरी कम समय में पहुंचेगे। वर्तमान में इस क्षेत्र के लोगों को नई टिहरी जाने हेतु लगभग 30.00 अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। निर्माण सामग्री, रसद, गैस सिलेण्ड़र ले जाने के लिए अधिक आर्थिक क्षति के साथ अधिक समय भी लगता है। इस मोटर मार्ग निर्माण की मांग ग्रामवासियों की विगत 30 वर्षो से है जिसको देखते हुये ही यह मोटर मार्ग स्वीकृत हुआ हैं उपरोक्त के अतिरिक्त कोई अन्य समरेखण निर्धारित किया जाना सम्भव नही है। तकनीकी रूप से यह समरेखण सबसे उचित है। इस प्रस्तावित मार्ग के समानान्तर पौड़ीखाल भासौं मोटर मार्ग की इस मार्ग से 1.500 कि0मी0 से 2.00 तक की इनक्लाइंड़ दूरी है। एवं उच्चता अन्तराल लगभग 973 फिट है, जो कि पहाड़ की विषम भौगोलिक स्थिति में काफी अधिक है। इस कम दूरी के मार्ग के बनने से पौड़ीखाल क्षेत्र के लगभग 7000 से 8000 आबादी लाभान्वित होगी एवं विकास खण्ड़ मुख्यालय हिण्डोलाखाल पहुंचने में भी लोगो को कम समय लगेगा। इसलिये उक्त विषम भौगोलिक स्थिति को देखते हुये यह एक मात्र कम दूरी का मार्ग सबसे उचित मोटर मार्ग है।

अतः कृपया इस मार्ग पर सैद्धान्तिक स्वीकृति दिलवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करेंगे।

09/09/2020

**अधिशासी अभियन्ता**
अ0ख0,लोक निर्माण विभाग
श्रीनगर मु0— कीर्तिनगर

Atul-pc pwd1 13.01.2014 Van Bhoomi bhoomi pratikar Letter Forest officer.doc